तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई, 2025

12 रीजनल सेंटर में यूजी कोर्सों के एडमिशन की पहली...



12 बारिश के मौसम में अपने पशुओं को रोगों से...



## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव इब्राहिमपुर निवासी महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गांव प्रहलादपुरा निवासी राजकुमार 2 अप्रैल 2023 को गांव भाड़ावास के बाबा मोहन दास के मन्दिर में प्रसाद चढाने के लिए गया था तथा बाइक को मन्दिर के सामने पार्किग में खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया।

### आनंदमय जीवन जीने की कला कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 6 जुलाई को पंजाबी धर्मशाला में जीवन में सच्ची खुशियां लाने का कार्यक्रम सीखें आनन्दमय जीवन जीने की कला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की ओर नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव, मनीष अरोड़ा पूर्व प्रधान रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन, धीरज शर्मा जांगड़ा राष्ट्रीय प्रवक्ता जांगिड़ ब्राह्मण समाज व राजकुमार यादव जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन किया जाएगा।

### अहमदपुर में जागरण व भंडारे का आयोजन

**कोसली।** अहमदपुर पड़तल गांव में बाबा बेगूवाला धाम पर जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा धाम कमेटी व ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक सुरेश गोला एंड पार्टी पलवल, संध्या चौधरी, पूजा राव, ज्योति यादव, बाबी बघेल सोहना व नानक चंद मोदी नगर ने भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। महंत दिनेश दास महाराज ने घाम कमेटी प्रधान भीम, जिला पार्षद जीवन हितेषी, नवल, रोहतास, राजेन्द्र कुमार, रत्न सिंह पूर्व सरपंच, भगवान सिंह नंबरदार, सुबेदार कृष्ण नाहड़िया, मास्टर हरीश कुमार व व संतों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 6 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को फ्री दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। यादव कल्याण सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. विक्रम यादव मेडिसिन, डा. आरबी यादव हड्डीरोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. विदुला यादव नेत्ररोग, डा. अनिल यादव दंतरोग व डा. अजीत यादव बालरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे तथा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी में फ्री सेवाएं देंगे।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कल से

**रेवाड़ी।** भगवान परशुराम ब्रास मार्केट के सामने स्थित ब्राह्मण सभा के ब्रह्मगढ परिसर में 6 जुलाई से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 12 जुलाई तक चलने वाले आयोजन में भागवत मंडल वृंदावन धाम से कथा वाचक महेशचंद पतसरिया प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन करेंगे। कलश यात्रा कटला बाजार से शुरू होकर गोकल बाजार होते हुए ब्रह्मगढ़ पहुंचेगी। बीएमजी सिटी के महेंद्र गोयल के सहयोग से 10 को विशेष गुरु पूजा होगी।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए शहर व गांवों में किया जा रहा सोर्स रिडक्शन कार्य

# बरसात से जलभराव के साथ बढ़ा डेंगू-मलेरिया का खतरा लार्वा मिलने पर जनवरी से अब तक 855 को थमाए नोटिस

- जिले में अभी तक 14 डेंगू पॉजिटिव व 7 मलेरिया के केस मिल चुके है, हालांकि ये मरीज स्वस्थ्य हो चुके है
- लेकिन मौसम के बदलाव से सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी लगातार बढ़ रही है, प्रशासन मौसम को देखते हुए अलर्ट मोउ पर है और तेजी से काम चल रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

बरसात शुरू होने के बाद जिले में डेंगू व मलेरिया का खतरा बढ़ने लगा है। जिले में अभी तक 14 डेंगू पॉजिटिव व 7 मलेरिया के केस मिल चुके है, हालांकि ये मरीज स्वस्थ्य हो चुके है, लेकिन मौसम के बदलाव से सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी लगातार बढ़ रही है। आगामी दिनों में स्वास्थ्य विभाग के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती मलेरिया और डेंगू से निपटने की रहेगी, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहले से ही सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। गत वर्ष फोगिंग मे ढील बरतने के कारण जिले में डेंगू के केसों की संख्या काफी बढ़ गई थी। इस बार स्वास्थ्य विभाग को फोगिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जुलाई माह को डेंग रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके लिए टीम घर-घर लार्वा की जांच करने के साथ लोगों को जागरूक कर रही है तथा बुखार से पीड़ति लोगों की स्लाइड भी तैयार की जा रही है।







रेवाड़ी। पीएचसी जाटूसाना के गांव में पानी की टंकी में लार्वा की जांच करता स्वास्थ्यकर्मी व जाटूसाना के गांव में नाली में दवा डालता स्वास्थ्यकर्मी व मिट्टी के बर्तन में लार्वा की जांच करता स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### तेजी से चल रहा कार्य

मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव व मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी सीएचसी व पीएचसी में हेल्थ इंस्पेक्टर के साथ टीम सोर्स रिडेक्शन का कार्य कर रही है। जिले में ब्रीड़गि चेकर स्टाफ घर-घर जाकर लार्वा की जांच कर रहे है। पिछली बार शहर से डेंगू के केस ज्यादा मिले थे। जिले के तालाबों में गम्बूजिया मछली छोड़ी गई है तथा गंदे पानी में काला तेल डाला जा रहा है। सभी सीएचसी में टेमीपास की दवाई दी गई है। डा. अमित यादव ने सभी एचआई को बीमारियों के प्रति पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के साथ लगातार लार्वा की जांच की जाए।

### जनवरी से अब तक 855 लोगों को थमाए नोटिस

गत वर्ष जिले में 406 डेंगू व मलेरिया के 9 केस आए थे। इस बार अभी तक डेंगू के 14 केस मिल चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी के मौसम में रोगों पर नियंत्रण पाने के पूरे प्रयास भी किए जा रहे है। विभाग की टीमों की ओर से शहर व गांवों में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए मास फीवर सर्वे किया जा रहा है। घरों में लार्वा मिलने पर दो माह में 450 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है। इसके अलावा जनवरी से अब तक 865135 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है तथा 855 लोगों को नोटिस भी दिए जा चुके है। अब तक बुखार पीड़ति 1380 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 1, सीएचसी गुरावड़ा में 2, सीएचसी बावल में 2, सीएचसी खोल में 7 व आउट ऑफ ड्रिस्टिक से शहर में 2 केस सहित 14 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।

### डेंगू व मलेरिया बीमारियों के लक्षण

मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे मनाएं



डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए टीम की ओर से सर्वे किया जा रहा है। जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। लोग अपने घरों में एक दिन ड्राई-डे मनाकर फ्रीज की ट्रे, पानी की टंकी व पशु खेल में भरे पानी को खाली करके अवश्य साफ करें ताकि मच्छर का लार्वा पनपने से पहले ही खत्म हो जाए। डेंगू व मलेरिया की आशंका होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

-डा. नरेन्द्र दहिया, सीएमओ।

# आईजीपी नाजनीन भसीन ने संभाला साउथ रेंज का कार्यभार

- रेवाड़ी में बतौर एसपी दे चुकी है सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

आईजीपी स्टेट क्राइम पंचकूला से स्थानांतरित होकर आई नाजनीन भसीन आईपीएस ने शुक्रवार को साउथ रेंज रेवाड़ी आईजी का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यालय पहुंचने पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी महेन्द्रगढ़ पूजा वशिष्ठ, एसपी पलवल वरुण सिंगला, एसपी नूंह राजेश कुमार व यादविन्द्र सिंह उप अधीक्षक कार्यालय सहित सभी शाखा इंचार्जो ने आईजी का स्वागत किया। साउथ रेंज रेवाड़ी कार्यालय पहुंचने पर आईजी को गार्ड ऑफ आनर दिया गया।

आईजी नाजनीन भसीन 2007 बैच की पुलिस अधिकारी हैं। उनके पास आरटीसी भोंडसी गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्यभार भी है। इससे पहले नाजनीन भसीन आईजी स्टेट क्राइम ब्यूरो पंचकूला, पुलिस आयुक्त सोनीपत, संयुक्त पुलिस आयुक्त गुरुग्राम, एसपी रेवाड़ी व एसपी नूंह के तौर पर सेवाएं दे चुकी हैं। कार्यभार संभालने के बाद आईजी भसीन ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मेहनत और लगन से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस महानिदेशक हरियाणा के दिशा-निर्देश अनुसार सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करें।



रेवाड़ी। साउथ रेंज के पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेती आईजी नाजनीन भसीन।

### सुलभ न्याय पहली प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि साउथ रेंज को अपराध मुक्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जाएगे। महिलाओं की सुरक्षा व नशे की रोकथाम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ित फरियादियों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर और उन्हे शीघ्र न्याय दिलाने का कार्य करें। आईजी नाजनीन भसीन ने कहा कि समय-समय पर आमजन के साथ बैठक कर उनका सहयोग लिया जाएगा और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बीएलओ व सुपरवाइजर का ट्रेनिंग कैंप 7 से

- बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**रेवाड़ी।** निर्वाचन विभाग की ओर से रेवाड़ी और कोसली में 7 से 11 जुलाई और 14 जुलाई को बीएलओ व सुपरवाइजर के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि शहर के राव तुलाराम स्टेडियम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोसली ल घु स चि वा ल य परिसर में 7 से 11 जुलाई तक कोसली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी 276 बीएलओ व सुपरवाइजर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को फिर से कैंप का आयोजन होगा। विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर के अनुसार रोजाना 40 से 45 बीएलओ, सुपरवाइजर को कैंप में भाग लेंगे, जिनके बूथ क्रमांक के अनुसार दिन निर्धारित कर दिए गए हैं।

# किसी के साथ नहीं की अभद्रता धरना वायदा खिलाफी के खिलाफ

- सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 18वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी की ओर से गांव में सरकारी अस्पताल बनवाने की मांग को 18 दिन से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने पर रामगढ़ भगवानपुर सहित गांव मीरपुर, गोकलपुर कुम्भावास, बुड़ानी, बुड़ाना, फिदेडी, हांसाका, बालियर खुर्द, फदनी, धारूहेड़ा तथा तुर्कियावास के ग्रामीण्र शामिल हुए। शुक्रवार को गांवों से महिला शीला, कृष्णा, सुनीता रमेश, ग्यारसी, इन्दू, विमला, मोनिका, शकुंतला, मंजू, राजबाला, वीरमति, सावित्री, ममता, प्रकाशो, अनीता, कमलेश, राजेश्वरी, रेनू, उर्मिला, रमेश व सरोज सहित अनेक महिलाओं ने अपना समर्थन दिया। शेरसिंहमीरपुर, शीशपाल मीरपुर, सुनील मीरपुर, अर्जुन यादव नंबरदार, उदयराज मीरपुर, नरेश कुमार तुर्कियावास, सतीश सरपंच बुड़ानी, रामनिवास बुड़ानी व हनुवीर सिंह धारूहेड़ा ने धरने पर सहयोग दिया। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से धरना-प्रदर्शन लगाए गए गंभीर आरोप का हम खंडन करते है। किसी भी ग्रामीण ने आरती राव के खिलाफ कोई अभद्र भाषा का प्रयोग किया है तो मैं उसकी निंदा करता हूं।



रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार कहा कि न तो हम केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और स्थानीय विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के खिलाफ हैं, बल्कि हमारा रोष प्रदर्शन सिर्फ केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत सिंह के वादा खिलाफी पर है। इस मौके पर अभय सिंह फिदेड़ी, मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना, नवल सिंह,रमेश चंद्र एडवोकेट, सुद्धन लाल, मोहर सिंह, खजान सिंह पूर्व सरपंच, जितेन्द्र बुड़ानी, प्रताप सिंह व महीपाल सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# छह जोड़ी रेलसेवाओं में बढाए द्वितीय व साधारण श्रेणी में डिब्बे

- परिक्रमा मेला एवं मथुरा में गुरु पुर्णिमा मेले को लेकर दी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से गोवर्धन परिक्रमा मेला एवं मथुरा में गुरू पुर्णिमा मेले में अतिरिक्त यात्री यातायात को यात्रियों की सुविधा के लिए 6 जोड़ी रेलसेवाओं में द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20489/20490 बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर ट्रेन में बाड़मेर से 5 जुलाई से 12 जुलाई तक एवं मथुरा से 6 जुलाई से 13 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाड़ी संख्या 20487/20488 बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर रेलसेवा में बाड़मेर से 7 जुलाई वे 10 जुलाई को तथा दिल्ली से 8 जुलाई व 11 जुलाई को 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे बढ़ाए गए है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 5 जुलाई से 12 जुलाई तक तक एवं मथुरा से 6 जुलाई से 13 जुलाई तक तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 54794/54793 मथुरा-सवाईमाधोपुर-मथुरा रेलसेवा में मथुरा से 5 जुलाई से 12 जुलाई तक तक एवं मथुरा से 6 जुलाई से 13 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14795/14796 भिवानी-कालका-भिवानी रेलसेवा में 7 जुलाई से 14 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में 8 जुलाई से 15 जुलाई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

शिविर | पॉलीटेक्निक कॉलेज में किया गया प्रशिक्षण का सफल आयोजन

शिविर में 30 स्कूलों से करीब 590 कैडेट्स प्रशिक्षण में भाग ले रहे

# एनसीसी कैंप में कैडेट्स ने ड्रिल व फायरिंग का लिया प्रशिक्षण

- कैंप का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को शारीरिक व मानसिक क्षमता विकसित करना : सोमवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


राजकीय बहुतकनीकी प्रशिक्षण संस्थान लिसाना में 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को शारीरिक व मानसिक क्षमता विकसित करना तथा नेतृत्व कौशल में दक्ष बनाना है। इस मौके पर कार्यवाहक कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सोमवीर डबास ने कहा कि एनसीसी न केवल अनुशासन और राष्ट्रभक्ति सिखाती है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में व्यक्तित्व को भी आकार देती है। उन्होंने कैडेट्स को शिविर में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा सशस्त्र सेनाओं में रोजगार के अवसरों पर भी जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में 11 कॉलेजों और 30 स्कूलों से करीब 590 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर में ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, फिजिकल ट्रेनिंग और सामाजिक गतिविधियों सहित कई उपयोगी सत्र आयोजित किए जा रहे है।




रेवाड़ी। शिविर में आगे बुझाने का प्रशिक्षण लेते एनसीसी कैडेट्स।

### अग्निशमन का दिया प्रशिक्षण

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को अग्निशमन का लाइव डेमो दिया गया। अग्निशमन विभाग में फायर ऑफिसर संजय ढिल्लों ने टीम के साथ विभिन्न श्रेणियों की आग पर नियंत्रण पाने के लिए प्रेक्टिकल डेमो दिया। उन्होंने बताया कि ए श्रेणी में लकड़ी जैसी ठोस वस्तुएं, बी श्रेणी में पेट्रोल-डीजल जैसे ज्वलनशील व तरल पदार्थ, सी श्रेणी में गैस आधारित आग और डी श्रेणी में धातु इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गलत तकनीक से आग बुझाने से खतरा और बढ़ भी सकता है। कैडेट्स को हर प्रकार की आग बुझाने के लिए अलग-अलग प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर का लाइव डेमो दिया गया इस अवसर पर सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह व जीसीआई दीपिका कंवर सहित विभिन्न संस्थानों के एनसीसी अधिकारी भी उपस्थित थे।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style



# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

## हॉलीवुड मसाला




# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।




ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी।

उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### स्कूल वाहनों में एआईएस मानक स्पीड गवर्नर जरूरी

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने सभी स्कूल बसों, कार, वैन, मिनी बस व ऑटो में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर एआईएस-018 मानक का स्पीड गर्वनर लगाना अनिवार्य कर दिया है। एसडीएम व आरटीए सचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिले के सभी निजी स्कूल संचालक अपने स्कूल वाहनों में एआईएस-018 मानक का स्पीड गर्वनर लगवाएं। इस बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, जीवनशैली

**नारनौल।** सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं है, यह एक जीवनशैली है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके हम सभी एक सुरक्षित और बेहतर समाज बना सकते हैं। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने शुक्रवार को एडीआर सेंटर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क नियम, जीवन उपकरण, विषय पर विद्यालयों में कार्यरत जेआरसी काउंसलर व ब्रिगेड ऑफिसरों की बैठक लेते हुए कही।

### आईजीयू के कुलपति असीम मिगलानी ने आगामी सत्र की तैयारी को लेकर शिक्षकों के साथ की मीटिंग

# अनुसंधान की मात्रा से अधिक उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ मीटिंग करके आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारी को लेकर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार ने सभी का स्वागत किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय के शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के संबंध में विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा पेश की। उन्होंने विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे विद्वान पोर्टल व भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क प्रणाली के बारे में बताया और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे सभी पोर्टल पर अपने आप को पंजीकृत कराएं। कुलपति मिगलानी ने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए नियमित रूप से कक्षाएं लगनी चाहिए और समय-समय पर पाठ्यक्रम में संशोधन होते रहने चाहिए ताकि इसे औद्योगिक पर्यावरण की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के बोर्ड ऑफ स्टडीज में इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को शामिल किया जाए ताकि उनके परामर्श के अनुरूप पाठ्यक्रमों में निरंतर सुधार किया जा सकें। उन्होंने वर्तमान में चल रही प्रवेश प्रक्रिया को भी पूर्ण कुशलता के साथ चलने के निर्देश दिए और इस संबंध में एक सेंट्रल एडमिशन कमेटी का गठन भी किया, जोकि विभिन्न विभागों की एडमिशन कमेटी को समय-समय पर निर्देश एवं मार्गदर्शन देती रहेगी।

कुलपति ने कहा कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी करें, जिसमें विवि शिक्षा से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान कार्य समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए, जिससे सीधे तौर पर समाज को फायदा मिले। अनुसंधान की मात्रा से अधिक उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को हर वर्ष कम से कम एक रिसर्च पेपर उच्च क्वालिटी के जनरल में अवश्य प्रकाशित करना चाहिए।



रेवाड़ी। आईजीयू में स्टाफ को दिशा-निर्देश देते कुलपति मिगलानी फोटो: हरिभूमि

#### लड़कों के लिए नया छात्रावास जल्द बनेगा

इसके अतिरिक्त प्रत्येक विभाग कम से कम एक रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए प्रयास करें और इस संबंध में अलग से एक केंद्र भी विश्वविद्यालय में स्थापित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को प्रोजेक्ट कार्य के लिए मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने आगामी दिसंबर माह तक नैक पर्यवेक्षक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में जारी निमार्णाधीन कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। निर्माणाधीन विज्ञान भवन अगले दो महीने और स्टाफ के लिए आवासीय भवन सितंबर माह तक पूरे हो जाएंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में लड़कों के लिए नया छात्रावास का निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ होगा, जिसके लिए केंद्र सरकार से 16 करोड़ रुपए की ग्रांट मंजूर हुई है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी शिक्षक के प्रमोशन में देरी नहीं होने दी जाएगी और जिनका भी प्रमोशन ड्यू है, उसे अगले दो महीने में पूरा कर दिया जाएगा। इस मौके पर कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के हितों में निरंतर प्रयास किया जाएगा। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन की प्रधान प्रोफेसर सविता श्योराण व उप-प्रधान डा. महावीर बड़क ने कुलपति एवं कुलसचिव का स्वागत किया। उन्होंने संगठन की तरफ से कुलपति को आश्वस्त किया कि सभी शिक्षक और निष्ठा के साथ कुलपति के मार्गदर्शन में कदम से कदम बढ़ाकर कार्य करेंगे।



रेवाड़ी। कैंप में आयुष्मान कार्ड वितरित करते विधायक। फोटो: हरिभूमि

# सीएचसी बावल में बने 70 से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया तथा कार्ड भी वितरित किए गए। सीएचसी की एसएमओ डा. सीमा यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैंप का शुभारंभ बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने किया। कैंप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लाभार्थियों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 131 कार्ड वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि आयुष्मान योजना में 70 साल से अधिक आयु वाले वृद्धजनों को पांच लाख रुपये तक का हर साल मुफ्त इलाज उपलब्ध है। इसके लिए 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति पात्र है। इस कार्ड से पात्र व्यक्ति आयुष्मान पैनल में शामिल किसी भी प्राइवेट अस्पताल में अपना मुफ्त इलाज करा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों की सेवा के लिए यह विशेष योजना लागू की है। विधायक ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में बावल के स्वास्थ्य केंद्र का आधुनिकीकरण हो चुका है और यहां सिजेरियन सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा आधुनिक लेब उपकरण व एक्स-रे मशीन भी स्थापित हो चुकी है। आधुनिक लेब में किडनी, लीवर व अन्य संक्रमण रोगों की जांच की जाती है। इस मौके पर डा. विजय प्रकाश, डा. भंवर सिंह, डा. कविता गुप्ता, ईश्वर चनेजा, प्रबुद्ध समाजसेवी दिनेश टींट, मंडल अध्यक्ष रमेश लौर व रामसिंह सांभरिया मौजूद थे।

# किसानों को स्कीम के तहत कृषि यंत्रों के अनुदान की दूसरी किस्त का हुआ

- किसानों को विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कृषि विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत किसानों को धान फसल के अवशेषों को रोटावेटर व सुपर सीडर कृषि यंत्रों से खेत की मिट्टी में मिलाने या बेलर मशीन से अवशेषों की गांठ बनवाने पर 1000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशी उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए किसानों को विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। वर्ष 2024-25 में जिले के 395 किसानों ने 30 नवंबर 2024 तक पोर्टल पर 1593.87 एकड़ का रजिस्ट्रेशन कराया था। सरकार ने 20 जून 2025 को करीब 15 लाख 93 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि रेवाड़ी जिले के किसानों के बैंक खातों में डाली है।



#### किसानों को मिली कृषि यंत्रों के अनुदान की दूसरी किस्त

सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को सुपर सीडर कृषि यंत्र पर अनुदान दिया जाता है। अनुदान कर दो किस्तो में 70 प्रतिशत व 30 प्रतिशत के रूप में एक लाख पांच हजार रुपए की राशि दी जाती है। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि किसानों की पिछले वर्ष की अनुदान की दूसरी किस्त 30 प्रतिशत बकाया थी, जिसके लिए जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की ओर से चयनित किसानों के सुपर सीडर का द्वितीय भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के उपरांत किसानों के बैंक खातों में अनुदान राशि की दूसरी किस्त चार लाख दो हजार रुपए का भी भुगतान कर दिया गया है।



रेवाड़ी। सचिवालय में ज्ञापन देने पहुंचे प्राइमरी शिक्षक फोटो: हरिभूमि

### प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने बीएलओ में ड्यूटियां लगाने का किया विरोध

**रेवाड़ी।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को राज्य प्रधान धर्मेंद्र यादव व जिला प्रधान लखन की अध्यक्षता में सभी प्राथमिक शिक्षकों की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें हाल ही में जेबीटी अध्यापकों की बीएलओ में अनियमित ड्यूटियां लगाने का विरोध किया गया। एसोसिएशन की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने कहा कि इन ड्यूटियों के लगने से स्कूल कार्य बाधित होता है। इससे पहले भी प्राथमिक शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी न लगाने का डायरेक्टर का पत्र आया हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों कोआश्वासन दिया कि उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श करके समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर वीरेंद्र सिंह मूसेपुर, रेवाड़ी खंड के ब्लॉक प्रधान शिवकुमार, बावल ब्लॉक प्रधान ब्रह्मदेव व खोल खंड प्रधान सहित अनेक प्राइमरी शिक्षक मौजूद थे।

# बारह कर्मियों ने ग्रहण की एचएसईबी वर्कर यूनियन की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन में 12 कर्मचारियों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें सतीश कुमार जेई, सुदर्शन जेई, राम जेई, सुरेंद्र पाल जेई, राहुल जेई, अनूप जेई, सुदर्शन जीएसओ, नवीन जीएसओ, आदित्य शर्मा जीएसओ, चंद्रशेखर जीएसओ व करण एचडीएम शामिल थे। इस मौके पर एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के स्टेट प्रधान मनोज कुमार सैनी मौजूद थे। मनोज कुमार सैनी ने यूनियन ने जुड़े सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की भी समस्या के लिए यूनियन उनके साथ खड़ी है और उन पर अधिकारियों की ओर से किसी भी प्रकार का भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। मंच संचालन जगबीर जेई सेक्रेटरी टीएल सब यूनिट रेवाड़ी ने किया तथा अध्यक्षतानरेश कुमार ने की। इस अवसर पर रेवाड़ी यूनिट के कैशियर बब्लेश जेई, जगप्रवेश जेई, अजय जेई, महेश जेई, अमित कुमार ठाकर, कुशलपाल, राहुल, अजयपाल, सदाशिव यूडीसी व कमल उपस्थित थे।



रेवाड़ी। एचएसईबी यूनियन में नए सदस्यों का स्वागत करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# पुलिस की नशा मुक्त टीम ने छात्रों और आमजन को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

- नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध आंदोलन चलाने की जरूरत
- प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

जिले को नशा मुक्त करने के लिए पुलिस की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल गांव खंडोडा, टांकड़ी व जयसिंहपुर में शिक्षकों, विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास नशे संबंधी सूचना है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें।

उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध इस युद्ध में सभी पुलिस का सहयोग करे। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाया जा सकें।



रेवाड़ी। शिक्षकों व विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाती पुलिस टीम।

# राष्ट्रव्यापी राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

न्याय तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करने और अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ कम करने के लिए 30 सितंबर तक एक बड़ा राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक जन जागरूकता अभियान चलेगा। यह पहल हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों और जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने एडीआर (वैकल्पिक विवाद समाधान) केंद्र में मीडिएटर्स के साथ चर्चा करके रणनीति तैयार की।

इस अवसर पर सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि यह 90 दिवसीय गहन अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राधिकरण की ओर से शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता केंद्रों और अन्य वैकल्पिक साधनों के माध्यम से लोगों तक पहुंच बनाना है, ताकि भारतीय न्यायिक प्रणाली को और मजबूत किया जा सके तथा सभी के लिए न्याय सुनिश्चित हो सके। इसमें सभी मीडिएटर्स का अहम रोल रहेगा। ऐसे में सभी मीडिएटर्स पूरी मेहनत के साथ काम करते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अदालतों में लगातार बढ़ते मुकदमों के बोझ से छुटकारा पाने के लिए ये समझौते प्रणालियां बहुत उपयोगी साबित होंगी।



मीडिएटर्स के साथ बैठक करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो: हरिभूमि

#### इन मामलों को सुलझाने में मिलेगी मदद

सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि कई तरह के मामलों में आपसी समझौतों के आधार पर समाधान निकाला जा सकता है। इससे न्यायालयों से बोझ कम होगा। अभियान के तहत दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, प्रॉपर्टी (संपत्ति) मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता मामले, विभाग वसूली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बेदखली मामले और अन्य उपयुक्त दीवानी (सिविल) व आपराधिक मामले आदि सुलझाने में मदद मिलेगी।

#### अधिक जानकारी के लिए यहां करें संपर्क

सीजेएम ने बताया कि आम जनता राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान, लोक अदालत और अन्य कानूनी जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282250322 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी कॉल करके कानूनी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### राजीव रंजन ने सभी जिलों की लंबित शिकायतों के मामले में चल रही कार्रवाई की रिपोर्ट ली

# समाधान शिविर की शिकायतों को लंबित न रखे अधिकारी, तत्परता से करें समाधान: डीसी अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर या जनसंवाद की कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित नहीं रखे, उनका तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी को शिकायत निवारण के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाए, वह अपने कर्तव्य का निर्वाह निष्ठा से करें। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। वीसी के माध्यम से श्रम एवं रोजगार विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने सभी जिलों की लंबित शिकायतों के मामले में चल रही कार्रवाई की रिपोर्ट ली। डीसी ने बताया कि राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं किसान कल्याण व पंचायत विभाग से संबंधित शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लंबित शिकायतों का इसी सप्ताह में निपटारा कर दिया जाएगा। प्रधान सचिव राजीव रंजन ने सीवरेज ओवरफ्लो व बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




रेवाड़ी। समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा करते डीसी। फोटो: हरिभूमि

#### कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई

इस मौके पर डीसी ने कहा कि भविष्य में एक भी शिकायत एक माह से अधिक समय लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक-दो मामलों में यह सामने आया है कि जिस अधिकारी को अवैध कब्जा हटवाने या रास्ते की पैमाइश कराने जैसी शिकायतों का निवारण करने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाया गया, वे मौके पर ही नहीं पहुंचे। इस प्रकार की कोताही में अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर, समाधान प्रकोष्ठ तथा जनसंवाद पोर्टल पर आई शिकायतों में तत्परता से कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, नगराधीश प्रीति रावत, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, नप के एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कृष्ण सैनी व एसडीओ इंद्रजीत मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए दिए जरूरी टिप्स

**रेवाड़ी।** सिटी ट्रैफिक पुलिस की ओर से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार को सिटी ट्रैफिक पुलिस की ओर से मेरा युवा भारत केंद्र के साथ मिलकर नाईवाली चौक, रेलवे चौक, धारूहेड़ा चुंगी व बावल चौक पर ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै हनुमान सिंह पुत्र कुंदनलाल वासी डहीना उप तहसील डहीना जिला रेवाडी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम हनुमान सिंह दर्ज है व जमीनात में हनुमान है। हनुमान व हनुमान सिंह दोनों एक व्यक्ति के ही नाम है। उक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है।

**ग्राम पंचायत बलवाड़ी**
**खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी, हरियाणा**
**ट्यूबवैल ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बलवाड़ी खण्ड खोल जिला रेवाड़ी अपने पेयजल ट्यूबवैल पर एक ट्यूबवैल ऑपरेटर की नियुक्ति के लिए दिनांक 06.07.2025 से दिनांक 11.07.2025 तक सामुदायिक केंद्र भवन पंचायत कार्यालय में आवेदन आमंत्रित करती है। इच्छुक उम्मीदवार गांव बलवाड़ी का स्थाई निवासी हो। जिसकी आयु 18वर्ष से ऊपर हो व दसवीं पास हो। कोई भी इच्छुक महिला या पुरुष आवेदन कर सकता है। इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा दिनांक 15.07.2025 को लिया जाएगा।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी खोल, जिला रेवाड़ी

## खबर संक्षेप



### बेटा-बेटी में भेदभाव खत्म करें : डा. सरोज

रेवाड़ी। जिला प्रशासन की ओर से लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गांव मांढैया कलां कन्या के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। सीएचसी मीरपुर के स्टाफ ने समारोह में कन्या के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने कन्या के दादा विजयपाल, दादी सुशीला देवी, मां शिखा यादव व पिता नितेश यादव को सम्मानित किया।

### श्री श्याम बाबा का संकीर्तन कल

रेवाड़ी। नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में एकादशी के अवसर पर 6 जुलाई को श्री श्याम बाबा के 118वें संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्रीश्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित संकीर्तन में गुरुग्राम से भजन गायक शुभम ठाकरान व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।



## छात्राएं नौ जुलाई तक जमा करा सकेंगी ऑनलान फीस

# रीजनल सेंटर में यूजी कोर्सों के एडमिशन की पहली मेरिट जारी

**बीए ऑनर्स मल्टिडिसिपिलिनरी की प्रथम मेरिट सूची में ऑल इंडिया ओपन में 84.40 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में शुक्रवार को यूजी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई। सूची में उन छात्राओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया था और छात्राएं मेरिट के आधार पर दाखिले के लिए चुनी गई हैं। बीए ऑनर्स मल्टिडिसिपिलिनरी की प्रथम मेरिट सूची में ऑल इंडिया ओपन में 84.40 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम शामिल हैं तथा हरियाणा में 67.80 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम शामिल हैं। एससी केटेगरी में 63.2 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली व बीएससी केटेगरी में 54 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को दाखिला मिला है। बीसीए केटेगरी में 60.8 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली, बीसीबी केटेगरी में 55.6 प्रतिशत तक अंक तथा बीएससी फिजिकल साइंस मल्टिडीसीपीलीनरी में मेरिट सूची आल इंडिया ओपन में 86.8 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम सूची में आए हैं। हरियाणा ओपन जनरल केटेगरी में 74 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, बीसीए केटेगरी में 65.6 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, बीसीबी केटेगरी में 64.2 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, बीकॉम ऑनर्स में ऑल इंडिया ओपन केटेगरी में 78.83 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली तथा हरियाणा ओपन जनरल केटेगरी में 69.80 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम सूची में शामिल हैं।




रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर। फोटो : हरिभूमि

### 9 तक जमा होगी पहली लिस्ट की फीस

पहली मेरिट सूची में नाम आने पर अब छात्राओं को दाखिले के लिए फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त छात्राओं को दाखिले के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे, जिनमें सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और फोटो, परिवार पहचान पत्र, नवीनतम आय प्रमाण पत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र व रिहाइशी प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रथम मेरिट सूची की दाखिला फीस 5 जुलाई से 9 जुलाई तक रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में ऑनलाइन जमा होगी।

### पीजी कोर्सों के 9 तक होंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन



रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि पीजी कोर्सों में अभी 9 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे, उसके बाद मेरिट सूची लगाई जाएगी। उन्होंने छात्राओं को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखने और दाखिला प्रक्रिया के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए रीजनल सेंटर के हेल्प डेस्क से संपर्क करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि सभी कोर्सों के लिए दाखिला कमेटी बना दी गई है। डा. अनिल कुमार ने बताया कि बीए ऑनर्स मल्टिडीसीपीलीनरी के प्रथम सेमेस्टर की फीस 3125 रुपए हैं। बीएससी फिजिकल साइंस मल्टिडीसीपीलीनरी के प्रथम सेमेस्टर की फीस 3270 रुपए है तथा बीकॉम ऑनर्स के प्रथम सेमेस्टर की फीस 4250 रुपए है।

## कंज्यूमर कोर्ट ने बुजुर्ग दंपति को दी राहत

# एक सप्ताह में कनेक्शन जोड़ने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

जिले के गांव खलियावास निवासी बुजुर्ग 75 वर्षीय भीम सिंह और उसकी पत्नी दोनों के पास आय का कोई स्रोत नहीं है, दोनों का जीवन यापन वृद्धावस्था पेंशन से मिलने वाले पैसों से ही चलता है। भीम सिंह ने करीब 40 वर्ष पहले अपने रिहायशी घर के लिए हरियाणा बिजली वितरण निगम से कनेक्शन लिया था, जिसके बिल का भुगतान वह लगातार कर रहा था, लेकिन करीब 10 वर्ष पहले पीड़ति के परिवार की हालत दयनीय हो गई, जिस कारण वह बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर पाया और बिजली निगम ने बिजली कनेक्शन काट दिया था। पीड़ति ने बिजली निगम से बिजली कनेक्शन लगाने का काफी आग्रह किया, लेकिन बिजली निगम ने बिजली बिल का बकाया भुगतान करने पर ही बिजली कनेक्शन जोड़ने की बात कही। उसके बाद 15 मई 2025 को भीम सिंह ने बिजली निगम के बकाया बिल का भुगतान कर दिया और बिजली निगम से पुनः कनेक्शन जोड़ने के लिए कहा, जिस पर बिजली निगम ने एक दूसरी शर्त जोड़ते हुए कहा कि उनकी पुत्रवधू ने एक बिजली कनेक्शन लिया हुआ था और उसका भी बिल का बकाया है, जब तक उनकी पुत्रवधू अपने बिल का भुगतान नहीं करेगी, तब तक उनका बिजली कनेक्शन नहीं जोड़ा जाएगा। इसके बाद पीड़ति उपायुक्त सहित बिजली निगम के अन्य अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी सुनवाई नहीं की।



एडवोकेट कैलाश चंद।

### कंज्यूमर कोर्ट ने दिए कनेक्शन जोड़ने के आदेश

इसके बाद भीम सिंह ने गांव के किसी व्यक्ति के कहने पर 26 जून को एडवोकेट कैलाश चंद से मिलकर अपनी पूरी व्यथा बताई, जिस पर एडवोकेट ने पीड़ति का वाद तैयार करके जिला कंज्यूमर कोर्ट में दायर कर दिया। 3 जुलाई को केस की पहली तारीख पर एडवोकेट ने कोर्ट कोबताया कि भीषण गर्मी में बिना बिजली के जीवन यापन करना मुमकि न नहीं है और बुजुर्ग दंपति काफी दिनों से बिना बिजली के घर में रह रहे है। मामले की सुनवाई करते हुए कंज्यूमर कोर्ट ने बिजली निगम को एक सप्ताह के अंदर पीड़ति के घर का बिजली कनेक्शन पुनः जोडने के आदेश दिए है। भीम सिंह को कोर्ट के आदेश की कॉपी प्राप्त की और बुजुर्ग दंपति ने राहत की सांस ली और एडवोकेट कैलाश चंद का आभार व्यक्त किया।

# सीपीएलओं ने की सी ग्रेड नियमित कर्मचारियों के समान वेतन की मांग

- सीएम नायब सैनी के नाम परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

क्रीड पंचायत लोकल ऑपरेटर्स की ओर से सी ग्रेड नियमित कर्मचारियों के समान वेतन तथा सभी सुविधाएं देने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला को ज्ञापन सौंपा। अनीता यादव, स्नेहा, पूनम व दीपिका ने कहा कि सीपीएलओं को सी ग्रेड नियमित कर्मचारियों के सम्मान वेतन तथा उनकी सभी सुविधाएं दी जानी चाहिए, क्योंकि वे अपने निर्धारित स्थान पर सभी फैमिली आईडी का सर्वे का काम भी करते हैं और पंचायत के भी काम कर रहे है, लेकिन उनको 6000 वेतन के अलावा कोई भुगतान और सेवा नहीं मिल रही है, जोकि मिनिमम वेतन अधिनियम के अंतर्गत भी नहीं है। सीपीएलओ एक टेक्निकल भर्ती थी, इसलिए टेक्निकल पद के समान 25400 बेसिक वेतन तथा सभी सरकारी भत्ते व स्वास्थ्य और दूसरी सुविधाएं भी दी जानी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांगों पर संज्ञान लेने की मांग की है।



रेवाड़ी। डा. खोला को ज्ञापन सौंपते हुए ऑपरेटर्स। फोटो : हरिभूमि

# अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला एक और आरोपी काबू

- दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

बावल। कसोला थाना पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव बाला डेहरा निवासी लख्मी गुर्जर उर्फ लक्की के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 2 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहित निवासी गांव संगवाडी के पास अवैध हथियार है तथा आसलवास फ्लाईओवर के नीचे किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देशी रिवाल्वर व 2 जिंदा रोंद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी रोहित ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव लाधूवास गुर्जर निवासी सुमित उर्फ गोलू ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने मामले में संलिप्त दोनों आरोपी रोहित व सुमित उर्फ गोलू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी लख्मी गुर्जर उर्फ लक्की को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी लख्मी गुर्जर उर्फ लक्की।

# सर्विस स्टेशन से जनरेटर व अन्य सामान चोरी करने में एक काबू

- बीती तीन फरवरी की रात को दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

बावल थाना पुलिस ने सर्विस स्टेशन से जनरेटर व अन्य सामान चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पहचान राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव कुतीना निवासी देवेश उर्फ देव के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव खंडोड़ा निवासी गुलशन कुमार ने गांव मोहनपुर बस स्टैंड के पास एक सर्विस स्टेशन किया हुआ है। गत 3 फरवरी की रात वह सर्विस स्टेशन को लॉक करने के बाद घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह सर्विस स्टेशन पर गया तो मेन गेट के दोनों ताले गायब मिले। चोर सर्विस स्टेशन से 7.5 केवी का जनरेटर, एक गाड़ी उठाने का बड़ा जैक, कंपाउंडर मशीन व टूल किट सहित काफी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने संलिप्त एक आरोपी राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव कुतीना निवासी नीरज को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस ने आरोपी नीरज के कब्जे से चोरी किया जनरेटर, कंपाउंडर मशीन, टूल किट आदि अन्य सामान बरामद किया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी देवेश उर्फ देव को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## एम्स संघर्ष समिति मनेठी की आमसभा रविवार को कुंड में

रेवाड़ी। एम्स संघर्ष समिति मनेठी की ओर से माजरा एम्स में ओपीडी और एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने सहित नेशनल हाइवे-11 से एम्स तक ओवरब्रिज बनवाने की मांग को लेकर 6 जुलाई को कुंड बस स्टैंड पर जनसभा का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार देश में निमार्णाधीन 11 एम्स की भांति ही माजरा एम्स में ओपीडी और एमबीबीएस कक्षाएं शुरू करने में विलंब कर रही है। उन्होंने एम्स के लिए प्रस्तावित अंडरपास को रद करते हुए ओवरब्रिज का निर्माण कराने की मांग की, क्योंकि अंडरपास से एम्स में आवागमन के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# हैफेड ने किया रक्तदान कैंप का आयोजन शिविर में 118 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

- रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानवता के अंतिम छोर अर्थात किसानों तक सहकारिता के माध्यम से सेवाएं पहुंचाने के विजन को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हैफेड की ओर से शुक्रवार को कोनसीवास रोड स्थित गणपति गार्डन विजय नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिविल अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने कैंप में 118 यूनिट रक्त एकत्रित किया। हैफेड की ओर से रक्तदाताओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए रिफ्रेशमेंट दी गई। हैफेड डीएम प्रवीन कुमार व राम कंवर महाप्रबंधक हैफेड ऑयल मिल्स ने मुख्यातिथि डीसी का स्वागत किया।



रेवाड़ी। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट करते डीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि रक्तदान महादान है और रक्तदान करने से व्यक्ति में नई ऊर्जा का संचार होता है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान करना जरूरी है, इसलिए युवा समय-समय पर रक्तदान अवश्य करें। इस मौके पर नरेश चौहान सीनियर अकाउंटेंट, सुधीर कुमार फील्ड इंस्पेक्टर, विक्रम सिंह क्लर्क और रंजना स्टेनो सहित सभी कर्मचारियों ने ब्लड कैंप में सहयोग दिया। हैफेड की ओर से सभी रक्तदाताओं को सद्भाव और प्रेरणा के के रूप एक किलो हैफेड चाय और एक किलो प्रीमियम बासमती चावल भेंट किए गए।

## मयंक का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



बावल। हिंदू पब्लिक स्कूल बावल के पांचवी कक्षा के छात्र मयंक निवासी गांव भादोज का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी में चयन हुआ है। मयंक के पिता सूरजपाल किसान और माता रेखा देवी एक निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं। स्कूल चेयरमैन अधिवक्ता सिंहराम महलावत मयंक, उसके माता-पिता और सभी अध्यापकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी लगन और ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए।

**प्रतियोगिता** | पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से देसी गायों की तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन

# बारिश के मौसम में अपने पशुओं को रोगों से बचाने के लिए ध्यान रखें किसान: डा. नसीब

**प्रतियोगिता में पशुपालकों ने हरियाणा नस्ल की गायों के साथ भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से गांव सहारनवास में देसी गायों की तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक पशुपालकों ने हरियाणा नस्ल की गायों के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में सविता देवी व मोहित को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। पशुपालन एवं डेयरी विभागके उपनिदेशक डा. नसीब सिंह यादव की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में राजकीय पशु चिकित्सालय सहारनवास के प्रभारी पशु चिकित्सक डा. शेखर यादव, राजकीय पशु पॉलिक्लिनिक सहारनवास से डा. प्रदीप जांगड़ा, वीएलडीए वरुण, पशु परिचर प्रमोद कुमार, मोहित व सचिन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर डा. नसीब सिंह यादव ने बताया कि पशुपालन विभाग की ओर से सरल पोर्टल पर योजनाएं शुरू हो गई हैं। इच्छुक किसान विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तम नस्ल की हरियाणा व साहीवाल गायों और मुर्राह नस्ल की भैंसों के संवर्धन और पालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से दुग्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें 15000 रुपये से 40000 रुपये तक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है।





रेवाड़ी। अपनी देसी नस्ल की गाय के साथ सविता देवी व अपनी देसी नस्ल की गाय के साथ मोहित।

### साफ-सफाई के लिए किया प्रेरित

डा. नसीब सिंह ने कहा कि किसानों को बारिश के मौसम में अपने कीमती जीवन-धन को विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाने के लिए बायो-सिक्योरिटी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सभी पशुपालक अपने पशुओं को मक्खी मच्छर से बचाएं और इसके लिए पशुओं के बांधने की जगह पर दवा का छिड़काव करें। बाहर से आने के बाद कपड़े बदल कर और साबुन से हाथ धो कर पशुओं का काम करें। यदि कोई पशु बीमार हो जाता है तो घबराएं नहीं और उसे अन्य पशुओं से अलग बांधें। उनका चारा-पानी स्वस्थ पशुओं के बाद करें और इससे पहले साबुन से हाथ जरूर धोएं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर अपने पशुओं को लाल दवा अथवा फिटकरी के पानी से नहलाएं। अगर पशु बीमार हो तो इलाज के लिए नजदीकी पशु चिकित्सालय में दिखाएं।